विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, आयुक्त रोहित व्यास आदि ने बोरे बासी खाकर मजदूरों का बढ़ाया मान, एक साथ 300 लोगों की खाने की व्यवस्था ने बढ़ाया बोरे बासी का उत्साह, 900 से अधिक लोगों ने एक ही स्थल पर लिया बोरे बासी का आनंद

भिलाई नगर/ अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के अपील पर भिलाई में श्रमिकों के सम्मान में बोरे बासी खाने का महोत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। यह पहली बार है कि एक स्थान पर 300 लोगों की एक साथ बैठकर बोरे बासी खाने की व्यवस्था की गई थी। विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, निगमायुक्त रोहित व्यास, सभापति गिरवर बंटी साहू ने सभी के साथ नीचे बैठकर बोरे बासी खाया। यही नहीं विधायक एवं महापौर ने उपस्थित सभी को स्वयं अपने हाथों से बोरे बासी परोसी और छत्तीसगढ़ी पारंपरिक भोजन का बोध कराया। भिलाई निगम ने श्रमिक दिवस के अवसर पर बोरे बासी को तिहार के रूप में मनाया। सभी एक साथ बोरे बासी खाते हुए दिखे। पारंपरिक भोजन का अन्य लोगों ने भी लुफ्त उठाया तथा भोजन की जमकर तारीफ की। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की परंपरा एवं संस्कृति तथा खान-पान के प्रति प्रेम के साथ बोरे बासी को भोजन के रूप में अपनाना श्रम दिवस वास्तविक सम्मान है। मजदूर दिवस के अवसर पर बोरे बासी तिहार के आयोजन से आने वाली पीढ़ी तथा युवा पीढ़ी को छत्तीसगढ़िया आहार और संस्कृति से जोड़ने का बेहतरीन प्रयास है। बोरे बासी के साथ आम का अथान आचार, टमाटर की चटनी, खट्टा भाजी, प्याज एवं मिर्ची, भरवा मिर्ची, लाइ बरी, बिजोरी और मही के समायोजन ने बोरे बासी के स्वाद को लजीज बना दिया। इस दौरान सभी ने छत्तीसगढ़िया खाना बोरे बासी खाकर अपनी संस्कृति पर गर्व महसूस किया। आंधा भवन में आयोजित बासी तिहार में जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्या, जलंधर सिंह, भूपेंद्र यादव, राजेश चौधरी, एमआईसी मेंबर सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, लाल चंद वर्मा, आदित्य सिंह, रीता गेरा, नेहा साहू, मन्नान गफ्फार खान, मालती ठाकुर, पार्षद गण, निगम के जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, विभाग प्रमुख तथा सभी अधिकारी/कर्मचारियों ने बोरे बासी खाया।